नव भारत

### एक नजर में



**पाक-चीन की नींद उड़ाएगा 'अनंत शस्त्र'**

नई दिल्ली. भारतीय सेना ने स्वदेशी रूप से विकसित 'अनंत शस्त्र' सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल हथियार प्रणालियों की पांच से छह रेजिमेंटों की खरीद के लिए बीईएल को एक टेंडर जारी किया है. इस सिस्टम को पहले क्विक रिएक्शन सरफेस-टू-एयर मिसाइल (क्यूआरएसएएम) के नाम से जाना जाता था और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने इसे विकसित किया है. इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत लगभग 30,000 करोड़ रुपए है और इसका उद्देश्य पाकिस्तान और चीन से लगी सीमाओं पर वायु रक्षा क्षमताओं को मजबूत करना है.

# स्वदेशी 4जी टावर लॉंच

**97** से ज्यादा बीएसएनएल मोबाइल टावरों का किया उद्घाटन | **37** हजार करोड़ रुपए अनुमानित लागत | **100** प्रतिशत 4जी सैचुरेशन भारत निधि कार्यक्रम का हिस्सा | **05** जी अपग्रेड और इंटीग्रेशन का भी रास्ता तैयार

**नई दिल्ली, 27 सितंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी तरह से शनिवार को बीएसएनएल का स्वदेशी 4जी नेटवर्क देश में लॉन्च किया. उन्होंने ओडिशा के झारसुगुड़ा से देशभर में 97,500 से ज्यादा बीएसएनएल मोबाइल टावरों का भी उद्घाटन किया. लेटेस्ट 4जी टावर पूरी तरह घरेलू तकनीक से बने हैं, जिनकी अनुमानित लागत 37,000 करोड़ रुपए है.**

इसके साथ ही भारत स्वदेशी टेलीकॉम इक्विपमेंट विकसित करने वाले देशों की कतार में शामिल हो गया है. ये पहल डिजिटल भारत निधि कार्यक्रम के तहत 100 प्रतिशत 4जी सैचुरेशन हासिल करने का हिस्सा है. बीएसएनएल का पूरी तरह से स्वदेशी 4जी स्टैक भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता को दिखाता है और ये देश में टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर का सबसे बड़ा डिप्लॉयमेंट है. एक आधिकारिक बयान में कहा गया, स्वदेशी 4जी नेटवर्क का रोलआउट प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया विजन के अनुरूप एक ट्रांसफॉर्मेटिव कदम है, जो डिजिटल डिवाइड को कम करेगा और ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाएगा. ये बीएसएनएल के 5जी अपग्रेड और इंटीग्रेशन का भी रास्ता तैयार करता है.



**हर नागरिक की डिजिटल कनेक्टिविटी मजबूत होगी : सिंधिया**

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश भर में डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में बड़ी पहल की है. केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस पहल से हर नागरिक की डिजिटल कनेक्टिविटी मजबूत होगी.

**बरहमपुर-उधना अमृत भारत एक्सप्रेस को पीएम ने दिखाई हरी झंडी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को उड़ीसा में आयोजित एक कार्यक्रम के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर बरहमपुर-उधना अमृत भारत एक्सप्रेस को रवाना किया। यह देश की 12वीं अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन है। इनमें से 10 अमृत भारत ट्रेनों का परिचालन बिहार से किया जा रहा है। बिहार से तीन नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के परिचालन शीघ्र प्रारंभ किए जाने की भारतीय रेल की योजना है। इस तरह इस माह के अंत तक अमृत भारत ट्रेनों की संख्या बढ़कर 15 हो जाएगी.





# एक्टर विजय की रैली में भगदड़ से 30 की मौत

**भीड़ को तितर-बितर करने पुलिस ने किया लाठीचार्ज**

**सीएम स्टालिन ने घटना को लेकर दिए जांच के आदेश**

**करुर. तमिलनाडु में आयोजित टीवीके (टीम विजय कझगम) रैली में भारी भीड़ के कारण अफरा-तफरी मच गई. रैली के दौरान भगदड़ मच गई और कई कार्यकर्ता बेहोश हो गए, जिन्हें तुरंत एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया. कई बच्चों को भी बेहोशी के कारण भर्ती किया गया. इस भगदड़ में 30 लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है.**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने घटना को लेकर जांच के आदेश दिए हैं. यह घटना तब हुई जब विजय करुर में भाषण दे रहे थे. टीवीके प्रमुख विजय ने अपनी भाषण बीच में रोक दी और कार्यकर्ताओं को पानी की बोतलें दीं. उन्होंने भीड़ से एम्बुलेंस के लिए रास्ता बनाने का आग्रह किया. इस दौरान रैली में भगदड़ के कारण 9 साल की एक बच्ची लापता हो गई, जिसे तलाशने के लिए विजय ने कार्यकर्ताओं से मदद मांगी. बताया जा रहा है कि भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया.

## नफरत फैलाने वाली राजनीति पर साधा निशाना



विशेष संवाददाता

**इंदौर, 27 सितंबर. पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने शनिवार को देश में नफरत फैलाने वाले धर्म के ठेकेदारों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की. पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि हर मामले को सांप्रदायिक रंग देने और मुसलमानों को निशाना बनाने की कोशिश की जा रही है.**

सिंह ने कहा कि इंदौर के एक विधायक के बेटे द्वारा व्यापारियों पर मुसलमान कर्मचारियों को निकालने का दबाव डाला जा रहा है. उन्होंने कहा, 'जिहादी' शब्द का इस्तेमाल मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाने का प्रयास है. असल में, जिहाद का मतलब बुराई के खिलाफ लड़ाई है. अगर मैं हिंदू होने के नाते 'मैं राम से प्यार करता हूँ' कह सकता हूँ, तो मुसलमान 'मैं मोहम्मद से प्यार करता हूँ' क्यों नहीं कह सकते?

## पाकिस्तान आतंक की फैक्ट्री बंद करे : भारत

**नई दिल्ली, 27 सितंबर. संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के भाषण के बाद भारत ने पाकिस्तान को जबरदस्त फटकार लगाई.**

भारत ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को महिमामंडित करने और झूठ फैलाने का सीधा आरोप लगाया. भारतीय राजनयिक पेटल गहलोत ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के भाषण को बेतुका नाटक करार दिया और दो टूक कहा कि कोई भी नाटक या झूठ तथ्यों को छिपा नहीं सकता. संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने जब कश्मीर और ऑपरेशन सिंदूर पर भ्रामक दावे किए, तो भारत ने पाकिस्तान को आईना दिखा दिया और कहा कि जले एयरबेस आपकी जीत हैं, तो जश्न मनाएं. पाक पीएम ने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के सात जेट क्षतिग्रस्त हुए. इस पर पेटल गहलोत ने पलटवार करते हुए स्पष्ट किया कि यह दावा झूठा है. रिकॉर्ड स्पष्ट है. 9 मई तक पाकिस्तान भारत को और हमलों की धमकी दे रहा था, लेकिन 10 मई को खुद सेना ने संघर्ष विराम के लिए सीधे मिन्नतें की थीं.

MARUTI SUZUKI ARENA

त्योहारों की ख़ुशी
अब हुई और बड़ी

GST लाभ और सीमित अवधि फैस्टिव ऑफ़र्स के साथ
30 सितंबर, 2025 तक मान्य

| MODEL | S-PRESSO | ALTO K10 | CELERIO | WAGONR | SWIFT | DZIRE | BREZZA | ERTIGA | EECO |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| REDUCTION IN PRICE^ (₹) UP TO | 129 600 | 107 600 | 94 100 | 79 600 | 84 600 | 87 700 | 112 700 | 46 400 | 68 000 |
| NOW STARTING AT^ (₹) | 349 900 | 369 900 | 469 900 | 498 900 | 578 900 | 625 600 | 825 900 | 880 000 | 518 100 |
| ADDITIONAL FESTIVE OFFERS* (₹) UP TO | 60 000 | 70 000 | 65 000 | 75 000 | 70 000 | 5 000 | 56 000 | 7 500 | 50 000 |

BOOK NOW | UP TO 100% PROCESSING FEE WAIVER ON CAR FINANCE#



ARENA SAFETY SHIELD

SCAN TO CONNECT TO SHOWROOM NEAR YOU

E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM

Contact us at 1800-102-1800

T&C available at dealership. Features/accessories vary by variant. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. *Offers / Prices differ by variant/model/location/city and may change or end without notice. Includes consumer, exchange, and institutional/rural offers (where applicable) on select models. Offer values shown are maximums. Prices subject to GST rates as notified by the Government. ^Reductions and starting prices vary by variant. #Valid with select financiers, for personal-use vehicles only.